रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 190] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 31, 2017/श्रावण 9, 1939
No. 190] NEW DELHI, MONDAY, JULY 31, 2017/SRAVANA 9, 1939

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 2017

(अंतिम जाँच परिणाम)

विषय : चीनी ताइपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित कास्टिक सोडा के आयातों से संबंधित निर्णायक समीक्षा जाँच (एसएसआर)

सं. 15/10/2016-डीजीएडी.—क. मामले की पृष्ठभूमि:—

1. यत: 1995 में यथा-संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात अधिनियम कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथा-संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षतिनिर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात प्राधिकारी भी कहा गया है) ने दिनांक 31 मई, 2010 की अधिसूचना द्वारा थाइलैंड, चीनी ताइपेई और नार्वे (जिन्हें एतद्पश्चात संबद्ध देश भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "कास्टिक सोडा" (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु कहा गया है) के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए पाटनरोधी जाँच की शुरूआत की थी। तत्पश्चात दिनांक 30 जून, 2011 की अंतिम जाँच परिणाम अधिसूचना सं 14/1/2010 द्वारा प्राधिकारी ने उक्त देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की और दिनांक 23 अगस्त, 2011 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 79/2011-सीमाशुल्क द्वारा पाँच वर्षों की अवधि के लिए निश्चयात्मक शुल्क लगाया गया था।

2. यत: अधिनियम के अनुसार, लागू पाटनरोधी शुल्क को यदि पहले हटाया न जाए तो उसे लागू किए जाने की तारीख से पाँच वर्षों के बीत जाने पर समाप्त हो जाता है।

3. और, उक्त प्रावधान के होते हुए भी, प्राधिकारी के लिए उपास की अवधि समाप्त होने की तारीख से पहले तर्कसंगत अवधि के भीतर घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किए गए विधिवत रूप से साक्ष्यांकित अनुरोध के आधार पर इस बात की

समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या शुल्क की समाप्ति से पाटन और क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

4. यत:, मै. अल्कली मेन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएमएआई) (जिसे एतद्पश्चात आवेदक या याचिकाकर्त्ता या घरेलू उद्योग भी कहा गया है) ने भारत में घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हुए कास्टिक सोडा के विनिर्माताओं की ओर से, चीनी ताइपेई (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध देश भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित कास्टिक सोडा के आयातों पर पहले लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा का अनुरोध करते हुए एक विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया है और चीनी ताइपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की मांग की है। यह अनुरोध इस कारण पर आधारित है कि चीनी ताइपेई से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क के लागू रहने के बावजूद पाटन जारी है और उपाय की अवधि समाप्त होने से उस देश से पाटन के जारी रहने और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति होने की संभावना है।

5. घरेलू उद्योग की ओर से प्रस्तुत पाटन और क्षति के प्रथम दृष्टया साक्ष्य वाले विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन और पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9 क (5) के अनुसार प्राधिकारी ने दिनांक 8 अगस्त, 2016 की अधिसूचना सं. 15/10/2016-डीजीएडी द्वारा निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआत की ताकि संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के संबंध में लागू पाटनरोधी शुल्कों को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा की जा सके और इस बात की जाँच की जा सके कि क्या ऐसे शुल्क की समाप्ति से पाटन के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने और घरेलू उद्योग को क्षति होने की आशंका है।

6. वर्तमान समीक्षा के कार्यक्षेत्र में संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित पूर्ववर्ती जाँचों के सभी पहलू शामिल हैं।

ख. प्रक्रिया

7. संबद्ध जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i. नियम 6 (2) के अनुसार निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआत के बारे में संबद्ध देश के दूतावास को सूचित किया।

ii. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली 6(3) के अनुरूप संबद्ध देश के ज्ञात निर्यातकों तथा संबद्ध देश के दूतावास को इस आवेदन के अगोपनीय पाठ की प्रतियां उपलब्ध कराई थी। आवेदन अगोपनीय अंश की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में भी उपलब्ध कराई गई और अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दी गई।

iii. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के निम्नलिखित ज्ञात विनिर्माताओं/निर्यातकों (जिनके नाम और पते याचिकाकर्ताओं द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को अधिसूचना की प्रतियां भेजी और नियम 6(2) एवं 6(4) के अनुसार पत्र जारी किए जाने की तारीख से चालीस दिनों के भीतर लिखित में उनके विचारों से अवगत कराने का अनुरोध किया गया।

क. कैथे कैमिकल्स कं. लि., ताइपेई, ताइवान

ख. फारमोसा प्लास्टिक्स कार्पोरेशन, ताइपेई, ताइवान, आर.ओ.सी.

iv. संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने सहयोग नहीं किया है और न ही प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है।

v. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपभोक्ताओं (जिनके नाम और पते आवेदकों द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को अधिसूचना की प्रतियां भेजी और नियम 6(4) के अनुसार पत्र जारी किए जाने की तारीख से चालीस दिनों के भीतर लिखित में उनके विचारों से अवगत कराने की सलाह दी गई।

क. अभय कैमिकल्स लिमिटेड, गुजरात

ख. अलब्राइट वि�ल्सन कैमिकल्स लिमिटेड, मुम्बई

ग. अरविन्द मिल्स लिमिटेड, गुजरात

घ. बिरला सेल्युलोस लिमिटेड, गुजरात

ङ. सेन्ट्रल पल्प मिल्स लिमिटेड, नई दिल्ली

च. दीपक नाइट्राइट लिमिटेड, गुजरात

छ. गोदरेज सोप्स लिमिटेड, मुम्बई

ज. गुजरात नर्मदा फर्टिलाइजर एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, गुजरात

झ. गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, गुजरात

ञ. इंडिया फार्मर फर्टिलाइजर को-आप लिमिटेड,

ट. इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, गुजरात

ठ. जयसिंथ डाइकेम लिमिटेड, मुम्बई

ड. लिंक फार्मा लिमिटेड, गुजरात

ढ. मेघमनी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, गुजरात

ण. नर्मदा केमाच्योर पेट्रोकैमिकल्स लि., गुजरात

त. निरमा लिमिटेड, गुजरात

थ. पैब कैमिकल्स (पी) लिमिटेड, गुजरात

द. रामा न्यूजप्रिंट एंड पेपर्स, गुजरात

ध. रूबामिन लि., गुजरात

न. सबेरो आर्गेनिक्स लिमिटेड, मुम्बई

ऩ. टोरेंट गुजरात बायोटेक लिमिटेड, गुजरात

प. ट्रांसपैक सिलाक्स इंइस्ट्रीज लिमिटेड, गुजरात

फ. नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, ओडिशा

ब. साइनाइड्स एण्ड कैमिकल्स कंपनी, मुम्बई

भ. हित्सु इंइस्ट्रीज लिमिटेड, गुजरात

म. अदानी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, गुजरात

य. अदानी विल्मर लिमिटेड, गुजरात

र. लिब्रा फोम्स, उ.प्र.

ऱ. श्री रामचन्द्र सट्रा प्रॉडक्ट्स लि., मुरादाबाद (उ.प्र.)

ल. बिलाग इंइस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, गुजरात

ळ. दौरेट आर्गेनिक्स लिमिटेड, नई दिल्ली

ऴ. सीजे शाह एंड कं., मुम्बई

व. हरीश कुमार एंड कंपनी, मुम्बई

श. हिन्दुस्तान लिंक एंड रेजिन्स लिमिटेड, गुजरात

ष. हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड, मुम्बई

vi. हिन्दुस्तान लीवर लि., मुंबई ने भागीदारी का एक पत्र प्रस्तुत किया है परंतु न तो कोई अनुरोध प्रस्तुत किया है और न ही प्राधिकारी द्वारा आयोजित सुनवाई में भाग लिया है। इसके अलावा, मै. नालको लि. आयातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया हैयद्यपि वह अधूरा है। मै; नालको लि. ने मौखिक सुनवाई में भी भाग लिया और लिखित अनुरोध प्रस्तुत किया, जिन्हें रिकॉर्ड में लिया गया है।

vii. ताइवान सरकार ने मौखिक सुनवाई में भागीदारी की और मौखिक विवरण का लिखित अनुरोध प्रस्तुत किया है, जिसे रिकार्ड में लिया गया है।

viii. वर्तमान समीक्षा के प्रयोजनार्थ 1 अप्रैल, 2015 - 31 मार्च, 2016 (12 महीने) तक की अवधि जांच अवधि (पीओआई) है। तथापि क्षति विश्लेषण में 2012- 2013, 2013- 2014, 2014- 2015 और जांच की अवधि (पीओआई) शामिल है।

ix. जांच अवधि और पूर्ववर्ती तीन वर्षों के लिए वाणिज्य आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) से सौदा-वार आयात आकड़ों को प्राप्त किये गए और इस जांच में विश्लेषण के प्रयोजनार्थ उन्हीं पर भरोसा किया गया।

x. नियम 6(7) के अनुसार प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के अगोपनीय अंश को एक सार्वजनिक फाइल के रूप में उपलब्ध रखा जिसे अन्य पक्षों के निरीक्षण हेतु खुला रखा।

xi. प्राधिकारी ने उत्पादन की लागत तय करने तथा संबद्ध वस्तुओं का क्षति रहित मूल्य का निर्धारण करने हेतु नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर संभव सीमा तक घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की है।

xii. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 22 मई, 2017 को आयोजित आम सुनवाई में अपना दृष्टिकोण मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। सुनवाई में भाग लेने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने अनुरोध और विरोधी पक्षों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों के खंडनों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें। इस जॉंच की प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोधों पर इस जॉंच परिणाम में जॉंच और समाधान किया गया है।

xiii. जॉंच की प्रक्रिया के दौरान प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षों द्वारा दी गई सूचना जो इस अंतिम जॉंच परिणाम का आधार है, की सत्यता से स्वयं को संभव सीमा तक संतुष्ट किया है और घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए आकड़ों/दस्तावेजों का संगत और आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन किया है।

xiv. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच उनके गोपनीयता के दावे के पर्याप्त होने के संबंध में की गई। संतुष्ट होने पर इस प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक हुआ गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय माना गया है और उसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं बताया गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे गोपनीय आधार पर दी गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय भाग उपलब्ध करायें।

xv. 12.07.2017 को एक प्रकटन विवरण जारी किया जिसमें निर्दिष्ट प्राधिकारी के विचाराधीन अनिवार्य तथ्य दिए गए थे। प्रकटन विवरण के संबंध में टिप्पणियां, यदि कोई हों, को प्रस्तुत करने के लिए 19.07.2017 तक का समय दिया गया। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षों से प्राप्त प्रकटन के पश्चात की टिप्पणियों पर उचित ढ़ग से विचार किया है।

xvi. इस अंतिम जॉंच परिणाम में *** किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना तथा नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार से विचार किये जाने का द्योतक है।

xvii. पीओआई के लिए विनियम दर इस प्राधिकारी द्वारा 65.91 रुपये = 1 अमरीकी डॉलर के रूप में लिया गया है।

ग. विचाराधीन उत्पाद का दायरा और समान वस्तु

8. वर्तमान निर्णायक समीक्षा में विचाराधीन उत्पाद सोडियम हाइड्रॉक्साइड (रासायनिक नाम एनएओएच) है, जिसे आम तौर पर सभी रूपों में कास्टिक सोडा के रूप में जाना जाता है।

9. कास्टिक सोडा एक अकार्बनिक, साबुनी, अधिक अल्कलाइन गंधरहित रसायन होता है और इसका प्रयोग पल्प और कागज, अखबारी कागज, विस्कोस यार्न, स्टेपल फाइबर, एल्युमिनियम, कपास, वस्त्र, प्रसाधन और लाउंड्री साबुन, डिटरजेंट, डाईस्टफ, औषध और भेषज, पेट्रोलियम शोधन आदि के विनिर्माण में होता है। कास्टिक सोडा को तीन प्रौद्योगिकीय प्रक्रियाओं अर्थात मरकरी सेल प्रक्रिया, डायफ्रेग्म प्रक्रिया और मेम्बरेन प्रक्रिया द्वारा दो रूपों अर्थात लाई और ठोस रूप में उत्पादित किया जाता है। इन प्रक्रियाओं में अंतर से विभिन्न विशेषताओं के अनुसार उत्पाद में कोई अंतर नहीं होता है।

10. कास्टिक सोडा को सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 28 के अंतर्गत सीमाशुल्क शीर्ष 2815.11 और 2815.12 के अधीन वर्गीकृत किया जाता है। आईटीसी 8-अंकीय वर्गीकरण के अनुसार, इस उत्पाद को सीमाशुल्क शीर्ष 2815.1110, 28151120 और 2815.1200 के तहत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि उक्त वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और इस जॉंच के दायरे पर किसी भी प्रकार से बाध्यकारी नहीं है।

11. चूंकि किसी भी हितबद्ध पक्ष ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में कोई टिप्पणी या अनुरोध नहीं किया है, इसलिए वर्तमान समीक्षा जॉंच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जॉंच में उसके दायरे के समान रहेगा।

घ. घरेलू उद्योग का दायरा और उसकी स्थिति

12. समीक्षा हेतु यह याचिका क्षति जॉंच के प्रयोजनार्थ भागीदार घरेलू उत्पादकों के रूप में संबद्ध वस्तु के घरेलू उत्पादन का 33 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले मै. गुजरात अलकलीज एंड कैमिकल्स लि., मै. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लि. और मै. डीसीडब्लू लि. की ओर से मै. अल्कली मेन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दायर की गई है।

13. जॉंच की शुरूआत के बाद, आवेदक एसोसिएशन को और अधिक घरेलू उत्पादकों के संबंध में लागत और क्षति संबंधी सूचना प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। अनुपालन में, आवेदकों ने उक्त घरेलू उत्पादकों और सील लि. की सभी इकाइयों के लागत और क्षति संबंधी आकड़े प्रस्तुत किए। जो पीओआई के दौरान कुल घरेलू उत्पादन का लगभग 47.74 प्रतिशत थे। किसी भी हितबद्ध पक्ष ने कोई विरोधी अनुरोध नहीं किया है। तदनुसार, क्षति जॉंच के प्रयोजनार्थ संबद्ध वस्तु के घरेलू उत्पादन का प्रमुख हिस्सा बनाने वाले निम्नलिखित घरेलू उत्पादकों को इस समीक्षा जॉंच में घरेलू उद्योग माना गया है।

i. जीएसीएल बड़ौदा

ii. जीएसीएल दाहेज

iii. डीसीडब्लू लिमिटेड

iv. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लि., नागडा

v. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लि.,रेहला

vi. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लि., विलायत

vii. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लि., कारवार

viii. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लि., रेनूकूट

ix. एबीसीआईएल, वेरावल

x. सिएल कैमिकल काम्प्लैक्स, राजपुरा

ड़. हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए विविध अनुरोध

घरेलू उद्योग के विचार

14. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं :

क. घरेलू उद्योग नालको को उचित कीमत पर वस्तु की बिक्री करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वास्तव में पहले मामलों से पता चलता है कि एडीडी के लागू होने के बाद, नालको को आपूर्तियों अधिकांशत: घरेलू उत्पादकों द्वारा की गई हैं।

ख. पहले नालको ने निविदा में एक शर्त रखी थी जिसमें नालको ने विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को किसी स्रोत पर भारत सरकार द्वारा पाटनरोधी शुल्क लागू किए जाने पर वस्तुओं का मूल देश बदलने की अनुमति दी थी। ऐसी स्थिति के बावजूद, घरेलू उद्योग नालको को वस्तुओं की आपूर्ति करने का हर संभव प्रयास कर रहा है।

ग. निर्दिष्ट प्राधिकारी घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में इस कठोर व्यवसायिक वास्तविकता को नहीं मान रहे हैं कि क्षति और क्षति मार्जिन उपभोक्ताओं के स्तर पर निर्धारित किया जाना अपेक्षित है। क्षति मार्जिन को मालभाड़ा जोड़कर ही निर्धारित किया जाना चाहिए।

घ. इस समय, देश में मांग और आपूर्ति के बीच कोई अंतर नहीं है और इसलिए आयात आवश्यक नहीं हैं। याचिकाकर्ता किसी भी तरह से आयातों का विरोधी नहीं है।

ड़. घरेलू उत्पादकों के लिए निर्यात बाजार लक्ष्य बाजार नहीं है जो इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि निर्यात घरेलू उत्पादकों के कुल उत्पादन का काफी कम हिस्सा बनते हैं। घरेलू उत्पादक हमेशा उचित कीमत पर घरेलू बाजार में वस्तु की बिक्री करने को वरियता देंगे।

15. मैं. नालको द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं :

क. कंपनी ने विदेशी और घरेलू उत्पादकों दोनों के लिए खुली वैश्विक निविदा आमंत्रित की। घरेलू आपूर्तिकर्ता कंपनी की पूरी जरूरत को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं, जिसे आयातों के जरिए पूरा किया जाना था। कास्टिक सोडा का घरेलू उत्पादन 33 लाख मी.टन प्रतिवर्ष है (नालको और एएमएआई द्वारा आकलित)। कुछ घरेलू आपूर्तिकर्ता नालको को नियमित आपूर्ति कर रहे हैं परंतु विभिन्न संभार तंत्र सीमाओं, उत्पादन सीमाओं, आबद्ध खपत और उनकी और से बिक्री कार्यनीतियों के कारण सीमित मात्रा में।

ख. अलुमिना का उत्पादन बढ़ रहा है परंतु कास्टिक सोडा का उत्पादन नहीं बढ़ रहा है। कास्टिक सोडा के आयातों पर पाटनरोधी उपायों से कंपनी की लागत बढ़ रही है जिससे प्रतिस्पर्धी दरों पर घरेलू और विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो गया है।

ग. कास्टिक साडा का भारत से निर्यात किया जा रहा है (2015-16 में 11 लाख मी.टन)। यह दर्शाता है कि घरेलू विनिर्माता नालको को पूरी मात्रा की आपूर्ति किए बिना बाहर पर्याप्त मात्रा में बिक्री करने में सक्षम हैं।

घ. पाटनरोधी शुल्क के कारण ताइवान से आयात को प्रतिबंधित करने से नालको के आपूर्ति के स्रोत सीमित हो जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप नालको का बिक्री करते समय विदेशी आपूर्तिकर्ताओं की कीमत बढ़ जाएगी। विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से मिली जानकारी से नालको को आपूर्ति करने में उनकी अरूचि प्रदर्शित होती है क्योंकि पाटनरोधी शुल्क लागू है जो नालको और राष्ट्र दोनों के हितों के लिए क्षतिकारी है।

16. ताइवान सरकार द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार है :

क. जाँच अवधि के दौरान ताइवान से मामूली आयात अर्थात कुल आयातों का केवल 1.7 प्रतिशत् और भारतीय मांग का केवल 0.25 प्रतिशत से विधिक और सांख्यिकीय दृष्टि से घरेलू उद्योग को क्षति या क्षति के जारी रहने की कोई संभावना नहीं हो सकती है। इसके अलावा, ताइवान से आयात क्षति अवधि के दौरान कुल आयातों और भारतीय मांग से निरंतर कम रहे हैं जो स्पष्ट रूप से यह दीर्घावधिक प्रवृति दर्शाता है कि ताइवान से आयात ताइवान के विरूद्ध पाटनरोधी शुल्क को हटाये जाने पर भी नहीं बढ़ेंगे।

ख. जाँच अवधि के दौरान भारतीय बाजार में ईरान और चीन के आयातों का क्रमश: 40 प्रतिशत और 14 प्रतिशत हिस्से का भारी दबाव है। इन देशों पर पहले से पाटनरोधी शुल्क लागू है फिर भी इनका भारत में इतना अधिक बाजार हिस्सा है।

(ग) प्राधिकारी द्वारा जाँच

17. हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोधों की निम्नानुसार जाँच की गई है :

क. इस दावे के संबंध में कि घरेलू उद्योग मैं. नालको को संबद्ध वस्तु की आपूर्ति करना नहीं चाहता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस दावे को सिद्ध करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग की क्षमता को पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया है, इस प्रकार घरेलू उद्योग के लिए नालको को वस्तु की बिक्री नहीं करने का कोई कारण प्रतीत नहीं होता है। सुनवाई के दौरान, घरेलू उद्योग ने विशेष रूप से बताया है कि वे निश्चित रूप से नालको और किसी अन्य भारतीय प्रयोक्ता को वस्तु की आपूर्ति करना चाहते हैं।

ख. आयातों के स्रोत संबंधी प्रतिबंध के कारण कमी के बारे में दिए गए तर्क के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क से आयात प्रतिबंधित नहीं होते हैं, बल्कि इस उद्देश्य से केवल घरेलू उद्योग को समान अवसर प्रदान करना है। इसके अलावा देश में मांग और पूर्ति के बीच कोई अंतर नहीं है।

ग. क्षति मार्जिन के निर्धारण में मालभाड़े को शामिल करने के संबंध में घरेलू उद्योग के तर्क के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एनआईपी की गणना करते समय, निदेशालय द्वारा स्थापित एक समान प्रक्रिया और पाटनरोधी नियमों के प्रावधानों के अनुसार मालभाड़ा शामिल नहीं किया जाता है।

च. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन की पद्धति और निर्धारण

18. धारा 9 क (1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

i. व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथा-निर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

ii. जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा :-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो ; अथवा

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत ;

19. प्राधिकारी ने संबद्ध देश में ज्ञात निर्यातकों को विहित ढ़ग और तरीके से सूचना प्रदान करने की सलाह देते हुए प्रश्नावलियां भेजीं। तथापि संबद्ध देश से किसी उत्पादन/निर्यातक ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करके इस जाँच में सहयोग नहीं किया है।

20. संबद्ध देश में किसी उत्पादक/निर्यातक से सहयोग के अभाव में, प्राधिकारी ने डब्लूटीओ करार के अनुच्छेद 6.8 के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने संबद्ध देश के उत्पादकों/निर्यातकों के संबंध में सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन को निम्नानुसार निर्धारित किया है :

चीनी ताइपेई से सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

21. प्राधिकारी के लिए संबद्ध देश में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए संबद्ध देश के घरेलू बाजार में खपत के लिए लक्षित उत्पाद की बिक्री कीमत पर विचार करना अपेक्षित है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि संबद्ध देश के घरेलू बाजार में प्रचलित वास्तविक बिक्री कीमत का वाणिज्यिक बीजक के रूप में कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है। संबद्ध देश से किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली के उत्तर के साथ प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है। उक्त को देखते हुए, भारत में चीन जन. गण.

से आयातित संबद्ध उत्पादों के लिए सामान्य मूल्य उत्पादन लागत के संबंध में सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना पर विचार करते हुए और बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों और तर्कसंगत लाभ मार्जिन के लिए तर्कसंगत अभिवृद्धि करने के बाद "किसी अन्य आधार" पर निर्धारित किया गया है। सामान्य मूल्य को घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार प्रमुख कच्ची सामग्री की खपत, प्रमुख कच्ची सामग्री की अंतर्राष्ट्रीय कीमतें, परिवर्तन लागत, ब्याज, एसजीए आदि के घरेलू उद्योग के लिए अनुमत स्तरों पर परिकलित किया गया है। इसके अलावा, सामान्य मूल्य के परिकलन के लिए बिक्री लागत के 5 प्रतिशत की दर से तर्कसंगत लाभ भी जोड़ा गया है।

चीनी ताइपेई से सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

22. चूंकि संबद्ध देश से किसी भी निर्यातक ने प्राधिकारी को उत्तर नहीं दिया है, इसलिए प्राधिकारी ने चीनी ताइपेई से आयातों के संबंध में निर्यात कीमत नियमावली के अनुसार सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर निर्धारित की है। प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से सौदा-वार आकड़ों को प्राप्त करके अपनाया और भारत में विचाराधीन उत्पाद के सभी आयातों पर विचार करते हुए निर्यात कीमत निर्धारित की है। निर्यात कीमत को विचाराधीन उत्पाद की कारखाना-द्वार निर्यात कीमत निर्धारित करने के लिए समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, कमीशन, पत्तन व्यय, अंतर्देशीय मालभाड़ा व्यय, बैंक प्रभाव के लिए समायोजित किया गया है। निर्यात कीमत को नीचे पाटन मार्जिन मार्जिन में दर्शाया गया है।

पाटन मार्जिन तालिका

23. संबद्ध वस्तु को दो रूप अर्थात लाई और फ्लेक में उत्पादित और व्यापारित किया जाता है। चूंकि केवल लाई रूप का आयात हुआ है इसलिए केवल लाई रूप के लिए परिकलित सामान्य मूल्य की तुलना पाटन मार्जिन की गणना के लिए निवल निर्यात कीमत के साथ की गई है। आकड़ों के विश्लेषण के बाद, निर्धारित पाटन मार्जिन नीचे तालिका के अनुसार ज्ञात किया गया है।

विवरण	एनईपी (अमडा./मी.टन)	परिकलित सामान्य मूल्य (अमडा./मी.टन)	पाटन मार्जिन (अमडा./मी.टन)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज)
कास्टिक सोडा लाई	***	***	(***)	(***)	(15)-(5)

छ. क्षति निर्धारण की पद्धति

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

24. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों का सारांश निम्नानुसार है :

क) 2012 में कोई आयात नहीं हुए थे और आयात 2013-14 से शुरू हुए। आयातों में 2014-15 में वृद्धि हुई और उसके बाद पीओआई में गिरावट आई। पाटनरोधी शुल्क लागू होने के कारण क्षति अवधि के दौरान आयात कम रहे हैं। तथापि आयात पाटित कीमत पर किए गए हैं।

ख) ताइवान से आयातों में स्पष्ट रूझान रहा है, पाटनरोधी शुल्क के बिना ताइवान से आयात अचानक बढ़ जाते हैं (पाटित कीमतों पर) और पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद आयातों में भारी गिरावट आई। पहले मामले में ताइवान से आयातों में कमी के कारण ताइवान से बाद में आयातों में भारी वृद्धि हुई। इसके बाद पुन: जाँच शुरू हुई और पुन: पाटनरोधी शुल्क लागू हुआ।

ग) वर्तमान में ताइवान से आयात लागू पाटनरोधी शुल्क के कारण कम है तथापि संबद्ध देश में उत्पादक पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में भारत को पाटित निर्यातों को तेज करने में सक्षम हैं।

घ) आयातों से घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है।

ङ) बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है तथापि बिक्री कीमत में बिक्री लागत में हुए वृद्धि के अनुपात में वृद्धि नहीं हो पाई है। इस प्रकार घरेलू उद्योग को पहले से ही कीमत न्यूनीकरण झेलना पड़ रहा है।

च) घरेलू उद्योग की मालसूची में 2014-15 तक वृद्धि हुई है और पीओआई में गिरावट आई है। मालसूची का स्तर काफी अधिक रहा है।

छ) देश में पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण क्षति अवधि के दौरान लाभों में निरंतर और भारी गिरावट आई है।

ज) क्षति अवधि के दौरान निवेश पर आय और नकद लाभ में भी गिरावट आई है।

झ) मांग में घरेलू उद्योग को बाजार हिस्सें में गिरावट आई है।

ञ) उत्पादन, बिक्रियों और क्षमता उपयोग में कुछ सुधार दिखाई दिया है।

ट) इस प्रकार यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग को लगातार क्षति हुई है। घरेलू ड़ोग की स्थिति स्पष्ट रूप से कमजोर है और पाटनरोधी शुल्क से घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन पर लक्षित प्रभाव वांछित स्तर तक नहीं पड़ा है।

हितबद्ध पक्षों के अनुरोध

25. ताइवान सरकार ने अनुरोध किया है कि :

क. घरेलू उद्योग को क्षति ताइवान से पाटन के कारण नहीं बल्कि अन्य कारकों की वजह से हुई है।

ख. घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों अर्थात लाभप्रदता, नकद लाभ, पूंजी पर आय, क्षमता उपयोग और उत्पादन में सकारात्मक प्रवृति है। यद्यपि आधार वर्ष 2012-13 की तुलना में पीओआई में घरेलू उद्योग की समग्र बिक्री में 7000 मी.टन की कमी हुई है, तथापि यह सामान्य व्यवसायिक रूझान है और ताइवान से मामूली आयात के कारण कोई क्षति नहीं दर्शाता है।

ग. घरेलू उद्योग ने 2014-15 के दौरान क्षमता में वृद्धि दर्शाई है जो संदेह उत्पन्न करता है कि क्या क्षति के लिए घरेलू उद्योग का क्षति अवधि के दौरान विस्तार का निर्णय जिम्मेदार है या ताइवान से हुए मामूली निर्यात। पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 11.1 और अनुच्छेद 11.2 के अनुसार ताइवान से हुए आयातों के कारण पाटन और क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने का कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए ताइवान के विरूद्ध निर्णायक समीक्षा को तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए।

प्राधिकारी द्वारा जाँच

26. प्राधिकारी द्वारा यहां किए गए क्षति विश्लेषण से वास्तव में हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों का समाधान होता है।

27. भारत में घरेलू उद्योग पर आयातों के प्रभाव की जाँच करने के लिए, प्राधिकारी ने संबंधित नियमावली के अनुबंध ।। (iv) के अनुसार उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले ऐसे संकेतकों जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टाक, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर विचार किया है।

28. इस संबंध में हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों पर विचार करने में प्राधिकारी संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटन और क्षति के संभावना के पहलुओं की जाँच करने की कार्यवाही करने से पहले घरेलू उद्योग को वर्तमान क्षति, यदि कोई हो, की जाँच की कार्रवाई करते हैं।

(i) **मांग और बाजार हिस्सा**

29. संबद्ध वस्तु की घरेलू खपत/मांग का आकलन करने के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री मात्रा को भारत में हुए कुल आयातों में जोड़ा गया है और उसका सारांश नीचे दिया गया है। कास्टिक सोडा का विनिर्माण दो रूपों, लाई और फ्लेक में होता है और दोनों रूप मूल तथा वर्तमान समीक्षा जाँच में संबद्ध वस्तु के दायरे के भीतर शामिल हैं।

विवरण	यूओएम	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
घरेलू उद्योग की बिक्रियां	मी.टन	969,113	1,038,253	988,766	1,011,106
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्रियां	मी.टन	1,558,513	1,579,744	1,825,113	1,854,952
आयात - संबद्ध देश	मी.टन	-	3,979	13,158	8,151
आयात - शुल्क लागू वाले अन्य देश	मी.टन	31,591	68,120	57,003	154,768
आयात - अन्य देश	मी.टन	257,624	230,780	320,697	306,211
कुल मांग	मी.टन	2,831,112	2,922,472	3,220,537	3,340,945
मांग में बाजार हिस्सा					

विवरण	यूओएम	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
घरेलू बिक्रियों का	%	34	36	31	30
संबद्ध देश का	%	-	0.14	0.41	0.24

30. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष की तुलना में पीओआई के दौरान मांग में वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान कुल मांग में घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है। संबद्ध देश से आयात पाटनरोधी शुल्क लागू होने के कारण क्षति अवधि के दौरान कम रहे हैं और परिणामस्वरूप संबद्ध देश का बाजार हिस्सा कम है।

पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

31. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में भारी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने डीजीसीआईएस से प्राप्त आयात आकड़ों पर भरोसा किया है। संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा का 2012-13, 2013-14, 2014-15 और जाँच अवधि के लिए विश्लेषण निम्नानुसार किया गया है :

विवरण	यूओएम	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
संबद्ध देश	मी.टन	-	3,979	13,158	8,151
अन्य देश	मी.टन	14,272	1,595	15,799	5,757
जांचाधीन देश	मी.टन	31,591	68,120	57,003	154,768
पाटनरोधी शुल्क लागू वाले देश	मी.टन	257,624	230,780	320,697	306,211
कुल आयात	मी.टन	303,486	304,474	406,657	474,887
आयात हिस्सा					
संबद्ध देश	%	0%	1%	3%	2%
अन्य देश	%	5%	1%	4%	1%

32. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से आयात पूरी क्षति अवधि के दौरान कम रहे हैं, तथापि आधार वर्ष की तुलना में आयातों में जांच अवधि में वृद्धि हुई है। जाँच के अधीन अन्य देशों अर्थात जापान और कतर से आयातों में भारी वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग ने यह दलील दी है कि संबद्ध देश से आयात में गिरावट लागू पाटनरोधी शुल्क के कारण आई है तथापि संबद्ध देश पर लागू शुल्क के समाप्त होने से पाटित आयातों में वृद्धि होगी जैसा पहले भी हुआ था जब शुल्क के समाप्त होने पर भारी पाटित आयात आना शुरू हो गए जिसके परिणामस्वरूप पुन: जाँच हुई और संबद्ध देश के विरूद्ध पाटनरोधी शुल्क को पुन: लागू किया गया। इस प्रकार लागू किया गया शुल्क लागू है। यह नोट किया जाता है कि वर्तमान में चीनी ताइपेई से आयात पाटनरोधी शुल्क के लागू होने के कारण कम है तथापि यदि पाटनरोधी शुल्क समाप्त हो जाता है तो संबद्ध देश में उत्पादक भारत में पाटित आयात तेज करने में सक्षम हैं।

(ii) घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

33. कीमतों पर कथित पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती। संबद्ध देश से कथित पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जाँच कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री और कीमत ह्रास, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है। विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) और क्षति रहित कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देश से आयातों की पहुंच लागत के साथ की गई।

(क) कीमत कटौती

34. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में भारी मात्रा में कमी करना रहा है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा में बढ़ गई

होती। इस संबंध में, उत्पाद के पंहुच मूल्य और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत, सभी छूटों और करों के निवल के बीच व्यापार के समान स्तर पर तुलना की गई है घरेलू उद्योग की कीमतों को कारखाना-द्वार स्तर पर निर्धारित किया गया था।

35. कीमत कटौती का आकलन आयातों की पंहुच कीमत के साथ जाँच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की भारत में घरेलू बिक्री कीमत की तुलना द्वारा किया गा है। यह देखा गया है कि आयातों की पंहुच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है और यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को समाप्त होने दिया जाता है तो इसके परिणामस्वरूप भारी कीमत कटौती होगी जैसा नीचे तालिका में दर्शाया गया है :

कीमत कटौती	यूओएम	2012-13	2013-14	2014-15	पीओआई
आयातों की पंहुच कीमत	रू./मी.टन	29,596	30,740	24,863	25,769
निवल बिक्री प्राप्ति	रू./मी.टन	***	***	***	***
कीमत कटौती	रू./मी.टन	(***)	(***)	***	***
कीमत कटौती	%	(***)	(***)	***	***
कीमत कटौती	% रेंज	(0-10)	(10-20)	10-20	10-20

(ख) पाटित आयातों का कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण :

36. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों में ह्रास या न्यूनीकरण कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में भारी मात्रा में कमी करना रहा है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा में बढ़ गई होती, प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान लागतों और कीमतों में परिवर्तनों पर विचार किया है। नीचे तालिका के अनुसार स्थिति बताई गई है :

विवरण	यूओएम	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
संबद्ध आयातों की पंहुच कीमत	रू./मी. टन	*29,596*	*30,740*	*24,863*	*25,769*
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*104*	*84*	*87*
बिक्री लागत	रू./मी. टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*102*	*126*	*123*
बिक्री कीमत	रू./मी. टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*91*	*104*	*106*

37. डीजीसीआईएंडएस आकड़ों से प्राप्त उक्त सूचना से प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातों की पंहुच कीमत में गिरावट आई है। घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है; बिक्री कीमत में भी वृद्धि हुई है तथापि यह वृद्धि लागत में हुई वृद्धि की सीमा तक नहीं हुई है। इस प्रकार, आयातों से बाजार में घरेलू कीमतों पर ह्रासकारी प्रभाव पड़ा है।

(ग) कम कीमत पर बिक्री

38. क्षति रहित कीमत ज्ञात की गई है और कम कीमत पर बिक्री की मात्रा का पता लगाने के लिए संबद्ध वस्तु की पहुंच कीमत के साथ उसकी तुलना की गई है। क्षति रहित कीमत का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।।। के अनुसार पीओआई के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर विचार करते हुए किया गया है।

पंहुच मूल्य अम.डा/मी.टन	क्षतिरहित कीमत अम.डा/मी.टन	कम कीमत पर बिक्री अम.डा/मी.टन	कम कीमत पर बिक्री %
390.98	***	(***)	(***)

39. यह देखा जाता है कि संबद्ध वस्तु की पंहुच कीमत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित एनआईपी से अधिक है और कम कीमत पर बिक्री ऋणात्मक है।

(i) उत्पादन, क्षमता, बिक्री और क्षमता उपयोग

40. उत्पादन, क्षमता और क्षमता उपयोग का ब्योरा निम्नानुसार है :

विवरण	यूओएम	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
स्थापित क्षमता	मी.टन	1,206,050	1,297,543	1,410,650	1,445,800
उत्पादन	मी.टन	1,076,792	1,144,178	1,247,463	1,331,558
क्षमता उपयोग	%	89.28	88.18	88.43	92.10
घरेलू बिक्री	मी.टन	969,113	1,038,253	988,766	1,011,106
मांग	मी.टन	2,831,112	2,922,472	3,220,537	3,340,945

41. उक्त सूचना से प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की क्षमता में क्षति अवधि के दौरान घरेलू बाजार में मांग में भी वृद्धि हुई है। इसके अलावा, मांग में वृद्धि के अनुक्रम में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई के दौरान भी बिक्री और क्षमता उपयोग दोनों में वृद्धि हुई है।

(ii) मालसूची :

42. मालसूची से संबंधित आकड़े निम्नानुसार है :

विवरण	यूओएम	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
आरंभिक	मी.टन	***	***	***	***
अंतिम	मी.टन	***	***	***	***
औसत	मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	126	127	90

43. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की मालसूची में 2014-15 तक वृद्धि हुई है और पीओआई में उसकी गिरावट आई है। तथापि मालसूची के स्तर काफी अधिक रहे हैं।

(iii) लाभ और नकद प्रवाह पर वास्तविक और संभावित प्रभाव

44. लाभ/हानि और नकद प्रवाह के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि कर पूर्व लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता क्षति अवधि के दौरान कम हुई है।

विवरण	इकाई	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
बिक्री लागत	रू./मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*113*	*112*
बिक्री कीमत	रू./मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*92*	*98*	*100*
लाभ/हानि	रू./मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*63*	*42*	*57*
लाभ/हानि	लाख रू.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*68*	*43*	*60*

पीबीआईटी	Rs.Lacs	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*71*	*51*	*71*
नकद लाभ	लाख रू.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*79*	*57*	*72*
निवेश पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*59*	*41*	*59*

(iii) रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

45. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित आंकड़े निम्नानुसार दर्शातें हैं :

विवरण	यूओएम	2012- 13	2013-14	2014-15	पीओआई
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*101*	*110*	*117*
कर्मचारी	सं.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	105	105	106
मजदूरी	लाख रू.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	122	136	151

46. यह नोट किया गया है कि कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है। पीओआई के दौरान उत्पादकता और मजदूरी में क्षति अवधि की तुलना में वृद्धि हुई है।

घ. क्षति मार्जिन की मात्रा

47. लाई रूप में कास्टिक सोडा में घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु की निर्धारित क्षतिरहित कीमत की तुलना पीओआई के दौरान क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए संबद्ध देश से निर्यात के पंहुच मूल्य के साथ की गई है। चूंकि कास्टिक सोडा के आयात केवल लाई रूप में हुए हैं इसलिए संबद्ध वस्तु के पंहुच मूल्य की तुलना क्षति मार्जिनकी गणना के लिए कास्टिक सोडा लाई रूप की एनआईपी के साथ की गई है। निर्धारित क्षति मार्जिन निम्नानुसार है :-

पंहुच मूल्य अम.डा./मी.टन	**एनआईपी अम.डा./मी.टन**	**क्षति मार्जिन अम.डा./मी.टन**	**क्षति मार्जिन (%)**	**क्षति मार्जिन (रेंज)**
391	***	(***)	(***)	(10)-0

क्षति संबंधी निष्कर्ष

48. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्धदेश से पाटित आयातों की मात्रा पाटनरोधी शुल्क लागू होने के कारण पूरी क्षति अवधि के दौरान कम रही है। यह नोट किया जाता है कि उत्पादन, क्षमता उपयोग, घरेलू बिक्री की दृष्टि से घरेलू उद्योग की वृद्धि सकारात्मक रही है तथापि लाभ, नकद लाभ, निवेश पर आय के अनुसार वृद्धि ऋणात्मक रही है। इसके अलावा यद्यपि आयात कम मात्रा में हैं तथापि उनसे भारी कीमत कटौती हो रही है और यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क पर विचार किए बिना घरेलू उद्योग की कीमतों में ह्रास भी हुआ है।

ण. पाटन और क्षति जारी रहने अथवा पुनः होने की संभावना

49. प्राधिकारी ने यह पाया कि यह एक अंतिम समीक्षा जांच है और इस जांच का मुख्य ध्यान सतत पाटन और परिणामस्वरूप क्षति की संभावना के परिदृश्य की जांच करना है, यदि पाटनरोधी शुल्क समाप्त करने की अनुमति दी जाए।

घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

50. पाटन जारी रहने की संभावना तथा परिणामस्वरूप क्षति होने के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. इस उत्पाद का एक दशक से भी अधिक के लिए देश में पाटन जारी रहने तथा पुनः होने का एक बहुत ही लंबा इतिहास है। निर्दिष्ट प्राधिकारी ने आज की स्थिति में विभिन्न देशों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की है। इस प्रकार, संबद्ध सामान पाटन के लिए सुभेद्य है।

ख. पूर्व की जांच में काफी पाटन की मौजूदगी सिद्ध हुई।

ग. जांच शुल्क लगाए जाने के बाद आयात में कमी स्वयं ही पाटनरोधी शुल्क बढ़ाए जाने का औचित्य दर्शाता है और शुल्क हटाए जाने की स्थिति में पाटित आयातों में वृद्धि होने की संभावना है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति होगी।

घ. ताइवान में उत्पादकों के पास भारी अधिशेष क्षमताएं हैं। निर्दिष्ट प्राधिकारी के पूर्व जांच परिणाम इसे सिद्ध करते हैं। इसके अतिरिक्त, ताइवान में अकेले एक उत्पादक अर्थात मैसर्स फोर्मोसा की क्षमता उनकी अपनी वेबसाइट के अनुसार 13,30,000 मी. टन प्रति वर्ष है। सार्वजनिक अनुसंधान यह दर्शाता है कि ताइवान द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों का 40 प्रतिशत निर्यात के लिए होता है।

ङ. ताइवान में कास्टिक सोडा का घरेलू बाजार कमजोर है और इस कारण उत्पादकों पर उनकी क्षमता का उपयोग करने का दबाव पड़ रहा है। यह अनुमान लगाया गया है कि यहां तक कि यद्यपि मांग उसे ठीक कर रही है तो जारी रहने की संभावना नहीं है तथा इस प्रकार उत्पादकों पर और अधिक दबाव पड़ रहा है।

च. तीसरे देश के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन सकारात्मक और पर्याप्त है। यह स्पष्ट रूप से ताइवान से सामान को निर्यात बाजार में पाटित करने के लिए निर्यातकों के व्यवहार को दर्शाता है।

छ. वैश्विक रूप से, क्षमताएं मांग में तद्नुरूपी वृद्धि के बिना और अधिक बढ़ाई गई हैं। इस प्रकार, क्षमताओं का उपयोग करने तथा अनुकूल बाजारों में संबद्ध सामानों का निर्यात करने के लिए दबाव है।

अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

